दिनांक 15.05.2024 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

विज्ञापन होर्डिंग बोर्ड का स्ट्रक्चर स्टेबिलिटी की होगी जाँच-आयुक्त

भिलाईनगर। जल जनित बिमारियों के बचाव एवं वर्षाऋतु में वर्षा जल के जमाव को रोकने सहित बरसात में होने वाले परेशानियो से बचने के लिए आवश्यक तैयारियो के साथ ही आयुक्त ने विभिन्न कार्यो का किया समीक्षा। जोन आयुक्त निगम क्षेत्र के भूमि एवं भवनो के छत पर लगाए गये होर्डिंग का स्ट्रक्चर स्टेबिलिटी जांच कर प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेगे। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने निगम सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में अधिकारियों को वर्षा ऋतु के पूर्व निगम क्षेत्र में सभी आवश्यक तैयारियां करने को कहा। उन्होने क्षेत्र में चल रहे बड़े छोटे नालियो की सफाई कार्य की वार्डवार समीक्षा किए और कहा कि स्वास्थ्य विभाग यह सुनिश्चित कर लेवे कि कोई भी नाली चोंक न हो ताकि बरसाती पानी आसानी से गंतव्य की ओर आगे बह जाए और कही पर भी पानी का जमाव न हो। जलजनित डायरिया, पिलीया जैस- बिमारियों से बचने के लिए आपूर्ति की जा रही पेयजल की जांच कर दुषित जल पाये जाने वाले क्षेत्र के आस-पास सफाई तथा घर-घर क्लोरिन टेबलेट का वितरण आवश्यक रूप से करें। आयुक्त ने जोन के इंजिनियर से लिकेज पेयजल पाईप लाईन की जांच कर उसे संधारित करवा कर रिपोर्ट गुगलशीट पे अपडेट करने के दिये गये अपने निर्देश के संदर्भ में जानना चाहा किन्तु गुगलशीट पर जानकारी अपडेट नहीं होने पर निगम के 12 सब इंजिनियरो को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। शहर में लगाये गये विज्ञापन होर्डिंग की क्षमता मौसम की मार हवा तूफान को बर्दास्त कर सकेगा कि नहीं इसकी जांच के लिए आयुक्त ने सभी जोन आयुक्तो को निर्देश दिए है कि भूमि पर अथवा भवन के छत पर लगाये गये होर्डिंग का इंजिनियरो या आर्किटेक्ट से स्ट्रक्चर स्टेबिलिटी की जांच कर प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने को कहा है। ताकि बरसात के मौसम में चलने वाले तेज हवा, तूफान से संभावित दुर्घटना की आशंका से बचा जा सके। आयुक्त ने प्रधानमंत्री आवास योजना, राष्ट्रीय शहरी अजीविका मिशन, पेंशन योजना सहित जन शिकायत तथा कलेक्टर टी.एल. के प्रकरणो का समीक्षा किये।

बैठक में अपर आयुक्त, अधीक्षण अभियंता, जोन आयुक्त, कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता, उपअभियंता एवं विभाग प्रमुख उपस्थित थे।